लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1608
28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

आंध्र प्रदेश में बुनकर सेवा केंद्र

1608. श्री लावू श्री कृष्णा देवरायालू:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार्यरत बुनकर सेवा केंद्रों (डब्ल्यूएससी) का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और प्रत्येक केंद्र द्वारा लाभान्वित हथकरघा बुनकरों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति या वेंकटगिरी में एक नया बुनकर सेवा केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो वर्तमान में इसकी क्या स्थिति है;

(ग) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि राज्य में 1.77 लाख से अधिक हथकरघा बुनकर हैं, कई राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त बुनाई क्लस्टर और जीआई-टैग वाले उत्पाद हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक ही बुनकर सेवा केंद्र कार्यरत है, एक अतिरिक्त बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) की आवश्यकता का आकलन किया है तथा नए बुनकर सेवा केंद्रों को स्वीकृति देने के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड अपनाए गए हैं; और

(घ) क्या वर्तमान योजना अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य के लिए कोई नए केंद्र प्रस्तावित हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): वर्तमान में, देश में 29 बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) संचालित हैं। सभी डब्ल्यू एस सी की राज्य-वार सूची और प्रत्येक केंद्र से सेवा प्राप्त करने वाले हथकरघा बुनकरों की संख्या (राज्य-वार) अनुबंध 'क' में दी गई है।

(ख) से (घ): एक नए औरपूर्ण रूप से विकसित डब्ल्यू एससी की स्थापना के लिए राज्य सरकार से उपयुक्त भूमि और अवसंरचना उपलब्धकराने की आवश्यकताहोती है। वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

'चौथी' अखिल भारतीय हथकरघा संगणना (2019-2020) केअनुसारहथकरघाकामगारोंकाराज्य-वारऔरडब्ल्यूएससी -वारब्यौरा इस प्रकार है: -

क्र.सं.	बुनकर सेवा केंद्र का नाम	संबंधित राज्य	हथकरघा कामगारों की संख्या
1.	कोलकाता	पश्चिम बंगाल	631447
		सिक्किम	697
2.	इम्फाल	मणिपुर	224684
3.	विजयवाड़ा	आंध्र प्रदेश	177447
4.	अगरतला	त्रिपुरा	137639
5.	भुवनेश्वर	ओडिशा	117836
6.	बेंगलुरु	कर्नाटक	54791
7.	हैदराबाद	तेलंगाना	47852
8.	दीमापुर	नागालैंड	43484
9.	आइजोल	मिजोरम	27540
10.	श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर	23328
11.	रांची	झारखंड	22497
12.	कन्नूर	केरल	22084
13.	रायगढ़	छत्तीसगढ	21503
14.	कुल्लू	हिमाचल प्रदेश	13688
15.	भागलपुर	बिहार	12847
16.	चमोली	उत्तराखंड	12561
17.	अहमदाबाद	गुजरात	10601
18.	जयपुर	राजस्थान	10090
19.	दिल्ली	दिल्ली	4285
20.	गुवाहाटी	असम	1283881
		मेघालय	42774
		अरुणाचल प्रदेश	94616
21.	चेन्नई	तमिलनाडु	84113
22.	सेलम		112528
23.	कांचीपुरम	तमिलनाडु और पांडिचेरी	48624
24.	मेरठ	उत्तर प्रदेश	92123
25.	वाराणसी		98834
26.	पानीपत	हरियाणा	25542
		पंजाब	969
27.	इंदौर	मध्य प्रदेश	12989
28.	नागपुर	महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश	5484
29.	मुंबई	महाराष्ट्र और गोवा	3134
कुल			**3522512**

*****